# स्पिड संदेश

जनवरी–मार्च - 2017 | संस्करण–2 | स्पिड सोसायटी द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस




दिनांक 8 मार्च 2017 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आगरा में स्पिड सोसायटी द्वारा गिहारा आदिवासी बस्ती, संजय प्लेस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ग्रामीण मजदूर संगठन के श्री तुलाराम शर्मा तथा आगरा के वरिष्ठ समाजसेवी श्री श्रवण सिंह जी के अलावा आगरा में काम कर रहे विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी तथा बस्ती की महिलायें तथा पुरूष उपस्थित थे। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस अवसर पर घरेलू कामगार महिलाओं के सामाजिक अधिकार व सामाजिक सुरक्षा के मुद्दे को लेकर आयोजित सभा में उपस्थित अतिथिओं ने कहा कि घरेलू कामगार महिलाओं के अधिकारों के लिए आगरा की सभी संस्थायें एक जुट होकर काम करने को तैयार है, उपस्थित महिलाओं ने अपने अधिकार और सम्मान के लिए एक साथ लड़ाई लड़ने को लेकर प्रतिबद्वता दिखाई, इस अवसर पर महिलाओं ने अपने अधिकार एवं सम्मान के माँग को लेकर एम0जी0रोड पर एक मानव श्रृंखला बनाकर अपनी माँग को स्थानीय प्रशासन के समक्ष रखा।

–चन्द्रभान प्रजापति







## गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस भारत का राष्ट्रीय पर्व है यह दिवस भारत के गणतंत्र बनने की खुशी में मनाया जाता है। 26 जनवरी 1950 के दिन भारत को गणतांत्रिक राष्ट्र घोषित किया गया, इस दिवस को सभी भारतीय पूरे जोश एवं उत्साह के साथ मनाते है। प्रत्येक वर्ष की भाँती इस वर्ष भी स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर के प्रांगण में स्पिड संस्था के निदेशक अवधेश यादव जी, सेंन्टर के सदस्य तथा बच्चो की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रध्वज के ध्वजारोहण से प्रारम्भ हुई। इसके तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, इस दौरान बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत गाने के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेंन्टर के सदस्यों द्वारा गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर बच्चो को भारतीय संविधान के बारे मे भी बताया गया, अन्त में बच्चो के बीच में मिठाईयों का वितरण किया गया, इस अवसर को बच्चों ने बहुत ही आनन्दपूर्वक मनाया।

– स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर




## स्पिड ने मनाया स्थापना दिवस

सोसाइटी फॉर पार्टिसिपेटरी इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट (स्पिड सोसाइटी) राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली एक गैर सरकारी संगठन है जिसका उद्देश्य है समुदाय को अन्याय, भेदभाव , अधिकार, कानून और योजना आदि के बारे में जागरूक करना तथा वंचितो को सशक्त बनाया जा सके ताकि वे अपने समानता, स्वतन्त्रता, एकता और अधिकारो के लिए लड़ सकें। संस्था 20 फरवरी 2004 को दिल्ली की एनजीटी सरकार में पंजीकृत हुई। साथ ही संस्था ने स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल अधिकार, महिला सशक्तीकरण, मानव अधिकार, पर्यावरण, ग्रामीण और शहरी समुदायों के लिए विकास संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने का सफलतापूर्वक प्रयास किया है। हर वर्श की भाँती इस वर्ष भी स्पिड का स्थापना दिवस मुख्य कार्यकारी निदेशक अवधेश यादव जी की उपस्थिती में संस्था में कार्यरत साथियों ने नांगलोई आफिस में केक काटकर मनाया इस अवसर पर संस्था निदेशक के साथ – साथ संस्था में काम करने वाले साथियों ने भी अपने अनुभव को एक दूसरे के साथ साझा किया।



–मनीष, प्रिती एवं सतवंत

## शैक्षणिक भ्रमण

स्पिड सोसायटी द्वारा युवाओं को समय समय पर विभिन्न स्थानो पर उनके प्रशिक्षण से सम्बन्धित व्यवहारिक जानकारी देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण भ्रमण का आयोजन किया जाता है जिसका उद्देश्य विद्यार्थीयों के वॉक कौशल, बाजार नीति, उपभोक्ताओं के साथ व्यवहार तथा उनके संयम को संतुलित करना सीखना होता है। जिससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके और उन्हें रोजगार पाने में आसानी हो सके। जनवरी से मार्च के बीच संस्था के विभिन्न सेंन्टरों में इस प्रकार के प्रशिक्षण भ्रमणों का आयोजन किया गया।जिसके अन्र्तगत विद्यार्थियों को रोहिणी सेक्टर 10 में स्थित सिटी सेण्टर मॉल का भ्रमण कराया गया। जहाँ विद्याार्थियों ने सीखा कि एक ग्राहक के साथ कैसे व्यवहार किया जाता है। तथा मॉल के अन्दर होने वाले सभी कार्य जैसे सामानो को अच्छे से व्यवस्थित करना, कार्यकारी से बात करके स्वयं को अवगत कराना आदि। मॉल भ्रमण के बाद विद्यार्थियों को सेंन्टर में बने प्रशिक्षण मॉल में प्रायोगिक कर विद्यार्थियों को अभ्यास कराया गया।




– अनिता एवं मुकेश कुशवाहा

# बढ़ते कदम



संस्था द्वारा चलाये जा रहे एममित्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत पिछले तीन माह में लगभग 5500 महिलाओं का पंजीकरण करके उन्हें इस सुविधा का लाभ दिलाया गया। इसके अलावा संस्था दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के साथ–साथ दिल्ली सरकार के कुछ अस्पतालों में भी इस कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्था द्वारा नियुक्त किये गये अस्पताल स्टॉफ के जरिये पंजीकरण करने का कार्य किया जा रहा है जिसमें संजय गॉधी सरकारी अस्पताल सुलतानपुरी, दादा देव अस्पताल डाबरी, गुरू गोविन्द सिंह आदि अस्पताल शामिल है, उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत स्पिड द्वारा यू0एस0आई0डी0 रिसर्च के माध्यम से दिल्ली और करनाल में महिलाओं को अपने गर्भावस्था के दौरान तथा प्रसूति के बाद उन्हें मिलने वाली सेवाओं, स्वास्थ्य आदि से सम्बन्धित कितनी जागरूक है इसके लिए सर्वे के माध्यम से जानकारी इकट्ठा की गई तथा उन्हें उसके बारे में बताया भी गया। साथ ही कार्यक्रम के अन्तर्गत उक्त क्षेत्र में सखियों को प्रोग्राम के बारे में और जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह में बैठक आयोजित की जाती है।

– अनिल कुमार मौर्या





# नेत्र जाँच शिविर



स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर, श्रद्वानन्द मार्ग नई दिल्ली में दिनांक 30 मार्च 2017 को स्पिड सोसायटी ने सागर ट्रस्ट तथा कट कथा संस्था के सहयोग से निःशुल्क आँखों की जाँच का आयोजन किया जिसमें जी0बी0 रोड क्षेत्र में रहने वाले लोग जिसमें महिलायें, पुरूष एवं बच्चो सहित 116 लोगों ने इस शिविर में भाग लेकर अपनी आँखों की जॉच करायी। शिविर में आँखों की जाँच अनुभवी डाक्टर अंजली तथा उनकी टीम के द्वारा की गई। शिविर में जरूरत मंदो को उनकी समस्या के अनुसार दवाईयाँ भी उपलब्ध करायी गई तथा बिमारियों से बचाव के लिए उपयुक्त सलाह दी गई। शिविर में कुछ को उनकी आँखों की परेशानियों को देखते हुए चश्में भी उपलब्ध कराये गये। सेंन्टर के आस–पास के लोगों की जरूरतो को ध्यान में रखते हुए संस्था ने इस तरह के शिविर लगाने हेतु सागर ट्रस्ट तथा कट कथा के साथ मिलकर यह निर्णय लिया गया की आने वाले 10 महीने लगातार स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर में स्वास्थ्य शिविर का निःशुल्क आयोजन किया जायेगा।

–स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर

## *मानव तस्करी के मुद्दे पर बैठक*

स्पिड सोसायटी हमेशा से ही महिलाओं एवं बच्चों के लिए काम करती आ रही है, तथा मानव तस्करी के खिलाफ आवाज भी उठाती आयी है। इस समस्या का निदान निकालने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य स्तरीय एक टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है,स्पिड सोसाइटी भी इसकी सदस्य है। जिसकी बैठक स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर में दिनांक 21 मार्च 2017 को आयोजित की गई इस बैठक में स्वाति शर्मा जी –सहायक निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग तथा उनके साथी विनोद सारस्वत जी, आनन्द मिश्रा जी –ए0सी0पी0 क्राइम दिल्ली पुलिस तथा स्पिड संस्था की उपाध्यक्षा ललिता जी ने बैठक में भाग लिया, इस बैठक में मानव तस्करी की शिकार महिलाएं जो जी0बी0रोड तथा दिल्ली की अन्य जगह में पाई जाती है उनके पुनः विस्थापन को लेकर चर्चा की गई । बैठक के उपरान्त सदस्यों ने स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर के बच्चों से मुलाकात की और उनकी पढ़ाई तथा अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हुए उनका हौंसला बढाया ।



–स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर





# होली मिलन समारोह एवं होली पर्व

बसन्त ऋतु में आने वाला महत्वपूर्ण होली का पर्व उत्साह से भरा यह त्यौहार हमारे लिए एक दूसरे के प्रति स्नेह और निकटता लाता है इसी पर्व में लोग आपस में रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे से गले लगते है।

स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर में होली के एक दिन पहले ऋद्वानन्द मार्ग की महिलाओं व स्थानीय लोगों के साथ होली–मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वे सभी सम्मानपूर्वक इस कार्यक्रम में शामिल हुईं तथा इन महिलाओं की कुछ समस्याओं को लेकर चर्चा की गई और सुझाव दिये गये तथा होली के दिन सेंन्टर के बच्चों ने भी बडें धूमधाम से होली का त्यौहार मनाया एवं एक– दूसरे को रंग गुलाल लगाकर प्रेम व सौहार्द का परिचय दिया। सेण्टर द्वारा बच्चों को उपहार तथा मिठाई वितरण की गई। इस पर्व में कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिती रही बच्चे भी बहुत खुश हुए।

–स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर



## शैक्षणिक भ्रमण

टेक महिन्द्रा फाउण्डेशन के सहयोग से तथा स्पिड सोसायटी के द्वारा चलाये जा रहे कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अर्न्तगत प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों के एक समूह को शैक्षिक भ्रमण के लिए उत्तम नगर नवादा स्थित जन लक्ष्मी फाइनेसियल प्राइवेट लिमिटेड के आफिस ले जाया गया। जहाँ पर छात्रो को कम्पनी के बारे में तथा उसके द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यकमो के बारे में वहाँ की एडमिन मैनेजर मिस. लवीना ने बताया। इस दौरान छात्रो ने आफिस एडमिन के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा अपने सवालो का जवाब प्राप्त करके बहुत प्रसन्न हुए।

– पूनम सिंह



## आर०टी०पी० दिल्ली

स्पिड सोसायटी की तरफ से चलाएं जा रहे आर0टी0पी0 प्रोग्राम एच0आई0वी0/एड्स के ऊपर पूरे दिल्ली में विभिन्न उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर उसमें समुदाय की सहायता से एच0आई0वी0/एड्स के लिए जाँच शिविर लगाया जाता है और इस दौरान उनकी एच0आई0वी0 जाँच के साथ–साथ समुदाय को जागरूक किया जाता है और जॉच कराने वाले लाभार्थी को पूर्ण परामर्श भी दिया जाता है। स्पिड सोसायटी ने इस दौरान समुदाय के साथ/साथ सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के साथ भी मिलकर एच0आइ0वी0 प्रभावित व्यक्तियों की समस्याा को जानने का





प्रयास किया। स्पिड सोसायटी ने विभिन्न उच्च जोखिम वाले समुदायों में जनवरी 2017 से मार्च 2017 के दौरान दिल्ली में लगभग 3355 लोगो की एच0आई0वी0 की जाँच शिविर में की गई। जिसमें 18 लोग एच0आई0वी0 से प्रभावित मिले उनमें से 13 लोगों की ए0आर0टी0 दवा शुरू करा दी गई।

– राजु कुमार

## सुनहरा कल

आई0 टी0 सी0 एवं फ्यूचर शार्प के सहयोग से तथा स्पिड सोसायटी के द्वारा युवाओं के लिए एक कार्यक्रम ''सुनहरा कल''चलाया जा रहा है। इस कार्यकम का उद्देश्य युवाओं को फुटकर बिकी में प्रशिक्षित करके उन्हें नौकरी दिलाना होता है। इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रो को थ्योरी क्लास के साथ फील्ड में काम करने का प्रशिक्षण दिया जाता है, इसके उपरान्त छात्रो को नौकरी भी दिलाई जाती है। इस कार्यकम की अवधि एक माह है। आज के युवाओं के लिए यह एक बहुत ही बेहतर कोर्स है अपना भविष्य बनाने के लिए।

–पल्लवी तवँर



## बाल कल्याण समिति मयूर विहार दिल्ली की अध्यक्षा का सेंन्टर निरीक्षण

बाल कल्याण समिति मयूर विहार दिल्ली, की अध्यक्षा श्रीमती सुषमा विज ने 15 मार्च 2017 को ऋद्वानन्द मार्ग स्थित स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर का निरिक्षण किया तथा सेंन्टर के बच्चों से मुलाकात की। अध्यक्षा जी ने व सेंन्टर की प्रभारी ललिता जी से सेंन्टर के कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की।

– स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर

## एम मित्रा कार्यक्रम - पूजा की कहानी

पूजा देवी अरमान संस्था द्वारा संचालित मुफ्त काल सेवार्थी है और पिछले चार माह से इस सुविधा का लाभ उठा रही है, पुजा का कहना है कि एममित्रा के द्वारा उसे गर्भावस्था के दौरान महिला को क्या खाना है जो उसके और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो, फोन के द्वारा पता चला कि प्रसव




के बाद किस तरह का पौष्टिक भोजन और प्रोटीनयुक्त भोजन लेना चाहिए जिसमें उसे हरी पत्तेदार सब्जियॉ तथा लाल पीले फलो को खाने को बोला गया दुध दही लेना तथा समय पर अपना और बच्चे का वजन भी कराने को बताया गया, गर्भावस्था के दौरान पता चला कि उसे पपीता नही खाना चाहिए, तीसरे और चौथे महीने में टीटनेस का टीका लगवाने की जानकारी मिली। महिला ने बताया कि प्रसव के बाद उसे कुछ अन्दरूनी समस्या आ रही थी जिसके बारे में उसने काल के दौरान बात की और उसे जानकरी भी मिली और डॉ0 के पास चेकअप कराने को बोला। महिला ने एममित्रा के द्वारा फोन से दी जाने वाली जानकारी से मैं और मेरा बच्चा स्वस्थ्य और खुशहाल जीवन जी रहे है, ऐसा उसने बताया।

–राजवन्ति सखी एममित्रा



## स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर का दिल्ली महिला आयोग द्वारा विजिट

स्पिड सोसायटी महिलाओं की समस्याओं के निराकरण तथा उनके विकास के लिए विभिन्न सरकारी विभागों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। 10 फरवरी 2017 को दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती स्वाती मालिवाल और उनके साथ आयोग की सदस्यायें प्रेमिला गुप्ता और सागरिका चौधरी ने एस0एम0एस0 सेंन्टर का निरीक्षण किया एवं बच्चों से मिलकर उनका हौंसला बढाया। स्पिड की उपाध्यक्षा ललिता जी ने उनका स्वागत किया और सेंन्टर के कार्यक्रमों से अवगत कराया ।

*–स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर*



Design and Layout by:Santosh 9990900895 | Email-ombalesh@gmail.com

# संपादकीय



आगे बढ़ने वालों में दो गुण निश्चय ही होते है–निर्भयता और मौलिकता। निर्भयता उन्हें अवरोधों से लड़ने की शक्ति प्रदान करती है और मौलिकता उनमें नये सृजनशीलता के लिए प्रेरित करती है। निर्भयता के साथ आत्मविश्वास अंधेरे में उजाले की लौ जलाए रखता है। ऐसा व्यक्ति केवल अपनी उन्नति से संतुष्ट नही रहता है, बल्कि वह समाज की उन्नति में सहयोग करने का प्रयास करता है। मौलिकता वह महत्वपूर्ण आत्म शक्ति है, जो आपके अंदर ही है। आप दूसरे किसी की सहायता से सफल होगें यह आपका भ्रम है और इसे अपने आप से जितना दूर रखे उतना ही अच्छा होगा, दूसरे के सहयोग से मिली सफलता एक कोरी प्रंशसा की तरह होती है जो व्यक्ति को आत्मकेंद्रित बना देती है और एक बार ''मैं'', 'मेरा' तथा मुझे की लत लग गयी तो निश्चय ही व्यक्ति अपने पतन की ओर चला जाता है। इसलिए व्यक्ति को लगातार कर्म करते रहना चाहिए जिसके कारण वो आगे को बढ़ता है, आगे बढ़ने वाला व्यक्ति अपने अतीत से ही वर्तमान को बनाने का मूल प्राप्त करता है। आवश्यकता है प्रतिभा को उभारने तथा उसे प्रतिभाशाली व्यक्तित्व बनाने में प्रोत्साहित किये जाने की समाज के लिए, समाज की उन्नति में सहयोग करने से बडा तथा सार्थक कार्य और कुछ हो ही नही सकता, चाहे कितने भी अवरोध आते रहें।

– स्पिड

पता – स्पिड सोसाइटी, डब्ल्यु जेड–1374ए/2,
द्वितीय तल, कृष्णा भवन, नांगल राया, नई दिल्ली–46
सम्पर्क सूत्र – +91– 9311257097, 9818759685
वेबसाइट – www.spidsociety.org
sandesh@spidsociety.org | info@spidsociety.org

# फिल्मी चर्चा - सुलतान

हमें जन्म से ही गुरू मिल चुके होते है। एक हैं–माता और दूसरे है पिता । यही दोनों हमारे पहले गुरू होते है। उसी तरह सुलतान फिल्म में सलमान खान भी अपने गुरू को चुनने में बहुत समय लेता है। पर हमें तो पहले से गुरू मिले होते हैं। पर वह जन्म से जवानी तक होते हैं हमें अपने जीवन के लिये भी गुरू को चुनना आवश्यक होता हैं। जैसे कोई टीचर जो हमें ज्ञान की बात बताये पर, जब सुलतान अपना गुरू अपनी मर्जी से चुनता हैं तब जा के वह कुश्ती सीख पाता हैं। इस फिल्म में हमे एक और चीज अच्छी लगी। जो चीज अच्छी लगी वह यह है कि अनुष्का शर्मा भी इसमें कुश्ती खेलती है। वह एक लड़की होकर भी कुश्ती खेलती हैं। पहले माना जाता था कि कोई लड़की यह नही कर सकती पर इसमें दिखाया गया है कि लडकियाँ भी कुश्ती कर सकती हैं। कभी भी हमें लड़कियों को कम नही समझना चाहिए। इस फिल्म में सलमान का भविष्य भी इंतजार कर रहा होता हैं। पर जब वह मेहनत करके कुश्ती सीख जाता हैं तब जाके उसे एहसास होता है कि हमें जिन्दगी मे मेहनत करना बहुत जरूरी होता है। इसी तरह हमें भी मेहनत करना चाहिए। जिससे हमारा भविष्य अच्छा बन सके। अगर हम मेहनत नही करेगें तो हमारा भी भविष्य इंतजार करते–करते चला जायेगा।इस लिये ना भविष्य को इंतजार करने दे – ना खुद इंतजार करे। तुम मेहनत करते रहो तुम्हारा भविष्य तुम्हारे पास अपने आप चला आएगा । उसके लिए हमे पढ़ाई करना जरूरी हैं।

–दर्शन– छात्र स्पिड

# नाटक – बाँसुरीवाला

स्पिड सोसायटी के साथ थियेटर इन एजुकेशन केन्द्र (टी0आई0ई0) ने एस0एम0एस0 सेंन्टर के बच्चो को नाटक कौशल में परिपक्व करने के लिए साझेदारी की। जिसमें की सितम्बर 2016 से मार्च 2017 तक हफ्ते मे दो दिन टी0आई0ई0 के सहयोग ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने खूब उत्साह के साथ सीखा तथा पूर्ण हौसले के





साथ अपनी भागीदारी दी। अपनी प्रतिभा के अनुसार बच्चों ने इस प्रशिक्षण के दौरान नए हुनर सीखें जैसे कि साथ मिलकर कुछ सीखना, स्टेज पर स्थिर रहना तथा नाट्य प्रस्तुत करना, डायलॉग खुद तैयार करना तथा उन्हें याद रखना जिससे कि बच्चों ने एक नाटक शीर्षक ''बाँसुरीवाला'' भी तैयार किया और स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर में भी प्रस्तुत किया। बच्चो का हौंसला बढ़ाने के लिए टी0आई0ई0 ग्रुप के सदस्यों ने स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर में 20.3.2017 को एक नाटक प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक '' मोबाईल फोन का इस्तेमाल '' जिसमें बच्चो को मोबाईल के इस्तेमाल का उपयोग और दुरूपयोग के बारे में नाटक के द्वारा बताया गया।

– स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर

# आई पार्टनर मुलाकात

18 जनवरी 2017 को स्पिड एस0एम0एस0 सेंन्टर में आई0 पार्टनर संस्था से बीना रानी एवं सुमेधा शर्मा ने कार्यकर्ताओं एवं बच्चों से मिलकर संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की ।

– स्पिड एस0एम0एस0सेंन्टर





## संपादकीय सदस्य

- अवधेश यादव
- ललिता एस0ए0
- अनिल कुमार मौर्या
- सृष्टि कुकरेजा

## संदेश टीम

- राजु कुमार
- पूनम सिंह
- विनित त्रिपाठी
- शकुन्तला
- मुकेश कुशवाहा
- अनिता
- चन्द्रभान प्रजापति
- पल्लवी तवँर

# मीडिया की नजर में स्पिड



अमर उजाला
आगरा | शनिवार | 11 मार्च 2017

घरेलू कामगारों की न्यूनतम मजदूरी तय हो

संजय प्लेस की गिहारा बस्ती में श्रमिक अधिकारों पर परिचर्चा



शनिवार, 11 मार्च 2017

हिन्दुस्तान

स्पिड समिति की ओर से वजीर पुरा स्थित गहरी बस्ती स्थित प्राथमिक विद्यालय में महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में घरेलू कामगार महिलाओं को उनके अधिकारों एवं संगठित होने के विषय में जानकारी दी। इस दौरान सोमा जैन ने कहा कि घरेलू कामगार महिलाओं के लिए भी कानूनहैं। उन्हें भी अपने कानूनों की जानकारी होगी। इसके लिए संगठित होना जरूरी है, तभी सुनवाई होगी। सोमा जैन, हेमलता गोला, तुलाराम शर्मा, नरेश पारस, श्रवण, अरूण कोहली, समीर, मुकेश राठौर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



Design and Layout by:Santosh 9990900895 | Email-ombalesh@gmail.com